भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 109
उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 18 नवंबर, 2019
27 कार्तिक, 1941 (शक)

डिमाश के धरोहर स्थलों का संरक्षण

109 . डॉ. राजदीप राय :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कछारी राजाओं का राज्य खासपुर जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;
(ख) क्या सरकार डिमाश के विरासत स्थल को संरक्षित करने पर विचार कर रही है ;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है ;
(घ) क्या सरकार ने डिमाश के विरासत स्थल के संरक्षण की योजना के लिए एक विशेषज्ञ दल भेजा है/भेजने का विचार है ; और

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) : जी, नहीं | खासपुर स्थित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित कछारी राजाओं के स्मारक भलीभांति परिरक्षित हैं |
(ख)और (ग) : भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के पास डिमाश से संबंधित दो संरक्षित स्मारक अर्थात खासपुर स्थित कछारी अवशेष और माइबंग स्थित शैलकृत मंदिर हैं | इन स्मारकों में संरक्षण कार्य मरम्मत की आवश्यकता और संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर नियमित रूप से किया जाता है |
(घ) और (ड.) : भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के फील्ड कार्यालय में डिमाश के विरासत स्थलों सहित संरक्षित स्मारकों के आवश्यक संरक्षण कार्य की व्यवस्था के लिए अपेक्षित विशेषज्ञ उपलब्ध हैं |